म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

'चयन भवन' मुख्य मार्ग क्रं.1, चिनार पार्क(पूर्व), भोपाल (म.प्र.) – 462011
टेलीफोन नं. : (0755) 2578801-02 फैक्स नं. : 0755-2550498
वेबसाईट : www.esb.mp.gov.in

M.P. EMPLOYEES SELECTION BOARD
मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल

परीक्षा–परिणाम

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की भर्ती चयन परीक्षा–2024

ऑनलाईन परीक्षा तिथि : 30.09.2024 से 10.10.2024

परीक्षा परिणाम तिथि : 24.12.2024

परीक्षा परिणाम से संबंधित जानकारी मण्डल की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है।

म0प्र0 कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल

तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की भर्ती चयन परीक्षा–2024 परीक्षा परिणाम

कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा दिनांक **30.09.2024 से 10.10.2024** तक मध्यप्रदेश के 10 शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, खण्डवा, नीमच, रतलाम, रीवा, सागर, सतना एवं सीधी में तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत आई.टी.आई. में प्रशिक्षण अधिकारियों के पदों की भर्ती चयन परीक्षा–2024 (ऑनलाईन) का आयोजन किया गया था। इस परीक्षा में सम्मिलित परीक्षार्थियों की प्रमुख जानकारी एवं परीक्षा परिणाम के प्रमुख बिन्दु निम्नानुसार है :–

1. इस परीक्षा के लिए **95630** (**विषयवार कुल संख्या 121923**) आवेदकों को प्रवेश पत्र जारी किये गये, जिनमें से **78262** अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। एवं **43661** अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।
2. परीक्षा उपरांत मण्डल द्वारा आदर्श उत्तर कुंजी वेबसाईट पर अपलोड किये जाकर अभ्यर्थियों से अभ्यावेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें प्राप्त अभ्यावेदन अनुसार कुंजी समिति के निर्णय उपरांत नार्मलाईज्ड प्राप्तांकों के आधार पर परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
3. नियमानुसार निःशक्तजन संवर्ग के अभ्यर्थियों से संबंधित पद पूर्व से ही अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत बिना वर्ग/ओपन में सम्मिलित है। अतः जितने भी अभ्यर्थी निःशक्तजन संवर्ग के अंतर्गत EH/VH/LD/MD मेरिट के आधार पर प्राप्त हुए हैं, उनके पदों को संबंधित श्रेणी के बिना वर्ग/ओपन में निर्धारित पदों में से घटाकर श्रेणी एवं विकलांग संवर्गवार परिणाम तैयार किया गया है। निःशक्तजन अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची तैयार नहीं की गई है।
4. नियमानुसार समान प्राप्तांक वाले अभ्यर्थियों की आयु के आधार पर पारस्परिक वरीयता निर्धारित की गई है अर्थात् आयु में वरिष्ठ अभ्यर्थी को वरीयता दी गई है।
5. ऑनलाईन आवेदन–पत्र में अभ्यर्थियों द्वारा दी गई श्रेणी, संवर्ग, लिंग, जन्मतिथि, मध्यप्रदेश के स्थाई निवासी व आवेदित पद से संबंधित विकल्प/प्राथमिकताक्रम के आधार पर नियमानुसार परीक्षा परिणाम तैयार किया गया है।
6. कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा ऑनलाईन आवेदन–पत्रों के साथ अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार के दस्तावेज, अंकसूची, प्रमाण–पत्र आदि नहीं मंगाए गए थे। अतः तैयार की गई प्रावीण्य/प्रतीक्षा सूची के आधार पर आवेदक की समस्त जानकारियों, दस्तावेजों, प्रमाण–पत्रों आदि का सत्यापन व परीक्षण संबंधित विभाग/कार्यालय के स्तर से किया जायेगा तथा उचित पाए जाने पर ही संबंधित विभाग/कार्यालय के नियमानुसार अंतिम चयन/नियुक्ति की कार्यवाही की जायेगी।
7. मण्डल द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार कर संबंधित विभाग/कार्यालय को उपलब्ध करवाया जायेगा। अतः परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत समस्त कार्यवाही विभाग/कार्यालय स्तर से की जायेगी।
8. परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत यदि कोई तकनीकी त्रुटि संज्ञान में आती है, तो परिणाम में सुधार करने का अधिकार मण्डल के पास सुरक्षित रहेगा।
9. परीक्षा परिणाम ई.एस.बी. की वेबसाईट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं, जहॉं से अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम डाउनलोड/मुद्रित कर सकते हैं।

भोपाल
दिनांक : 24/DEC/24

नियंत्रक
कर्मचारी चयन मण्डल
भोपाल